प्रेस नोट

जनपद सीतापुर

यूपी पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर

पुलिस महानिरीक्षक महोदया द्वारा पुलिस टीम पुरस्कृत

दिनांकः-29.05.2022

दिनांक 18.5.22 को थाना महमूदाबाद पर तैनात मुख्य आरक्षी रामकेवल, रमकुण्डा चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था/यातायात व्यवस्था ड्यूटी मे थे, तभी वहां करीब 04 वर्षीय एक बालिका भटकती दिखी जो अपने परिजनो से बिछड़ गयी थी। जिसको महिला आरक्षी नीशू की देख रेख में उसकी सुख सुविधा का ध्यान रखते हुए वार्ता कर सांत्वना देकर पूछा गया तो वह कुछ भी बता पाने में असमर्थ थी। खोजबीन के पश्चात पता चला की भटकी हुई बालिका श्रीमती सलमा पत्नी जैनुलाद्दीन निवासी मोहरया थाना हरगांव सीतापुर की पुत्री है, जो अपने रिश्तेदार/मौसा के घर आयी थी। परिजन से उचित माध्यम से संपर्क कर बालिका को उसकी माता व परिवार के आने पर सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। परिवार द्वारा प्रसन्नता व कृतज्ञता व्यक्त की गई थी।

इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस महानिरीक्षक महोदया लखनऊ रेंज लखनऊ द्वारा पूरी टीम को रू/-10,000 का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कृत पुलिस टीम थाना महमूदाबाद

1. मुख्य आरक्षी रामकेवल
2. महिला आरक्षी नीशू